नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

हिंदी विश्वविद्यालय में बुधवार को स्वच्छता जागरूकता कार्यशाला
हिंदी विवि एवं पर्यटन मंत्रालय का संयुक्त आयोजन

वर्धा, दि. 21 जनवरी 2020 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय और भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंध संस्थान, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार ग्वालियर के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार, 22 जनवरी को स्वच्छता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी भवन के कस्तूरबा सभागार में अपराह्न 3 से 5 बजे के दौरान किया जा रहा है। विश्वविद्यालय में 16 से 31 तक स्वच्छता पखवाड़ा चल रहा है इसके अंतर्गत यह कार्यशाला होगी जिसमें विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करना एवं पर्यटक गंतव्यों के आसपास स्वच्छता और राष्ट्रीय तथा सांस्कृतिक महत्व के स्मारकों की सुंदरता बनाए रखने को लेकर चर्चा की जाएगी साथ ही पर्यटन उद्योग में उपलब्ध व्यवसायिक अवसरों से अवगत कराया जाएगा। छात्रों द्वारा नुक्कड नाटक के माध्यम से स्वच्छता का महत्व भी बताया जाएगा। कार्यशाला के बाद चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करनेवाले विजेताओं को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यशाला में उपस्थित रहने की अपील विश्वविद्यालय एवं भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंध संस्थान, ग्वालियर की स्वच्छता एक्शन प्लान की समन्वयक डॉ.कामाक्षी माहेश्वरी ने की है।